गुरु नानक कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1&2 द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया।

आज दिनांक 12 जनवरी 2022 को गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 & 2 के द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के भूदा कैंपस में स्थित RUSA सेमिनार हॉल में एक ऑनलाइन भाषण प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक " स्वामी विवेकानंद युवाओ के आदर्श के रूप में " था। कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन कॉलेज के प्राचार्य, डॉ० संजय प्रसाद द्वारा स्वामी विवेकानंद के तस्वीर पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया। साथ ही सिमित संख्या में शिक्षक एवं कर्मी सम्मिलित थें। इस कार्यक्रम का प्रसारण गूगल मीटिंग एप के द्वारा निर्धारित था जिसमें 65 की संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति थी।

सर्वप्रथम कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कॉलेज के प्राचार्य ने कहा कि आज की परिप्रेक्ष्य में सर्वांगीण शिक्षा का महत्व स्वामीजी के जीवन एवं आदर्शो में समाहित है जिसकी वे हमेशा वकालत करते थें। आज के युवा विद्यार्थियों को स्वामी जी से बेहतर मार्गदर्शक नहीं मिल सकता है। उनका जीवन काल भले ही छोटा हो परन्तु उनके जीवन का प्रत्येक पल स्वर्ण जड़ित है। इस अवसर पर कॉलेज के भूदा कैंपस के प्रो-इंचार्ज प्रो अमरजीत सिंह एवं कॉमर्स विभागाध्यक्ष डॉ गोपाल शांडिल्य ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया एवं इस अवसर पर स्वामी जी के जीवन एवं आदर्शों पर अपने विचारों को व्यक्त किया।

इस अवसर पर मुख्य कार्यक्रम ऑनलाइन भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें 20 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। श्रेष्ठ भाषण को आगामी गणतंत्र दिवस समारोह में पुरूष्कृत किया जायेगा। कार्यक्रम में परिचय भाषण एवं मंच संचालन NSS कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ मिना मालखण्डी ने दिया एवं तकनिकी संचालन NSS कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो दीपक कुमार ने किया।

इस प्रतियोगिता कार्यक्रम में निर्णायक मंडली में कॉलेज के हिन्दी विभागध्यक्ष प्रो सोनू प्रसाद यादव, कॉमर्स विभाग से प्रो दलजीत सिंह एवं प्रो पियूष अग्रवाल, पुस्तकालयाध्यक्ष सुश्री नुसरत परवीन शामिल थी।

इस अवसर ऑनलाइन माध्यम पर कॉलेज के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित थें। कार्यक्रम का संचालन NSS कार्यक्रम पदाधिकारी (1)प्रो दीपक कुमार एवं (2)डॉ मिना मालखण्डी के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।